सफलता की कहानी (पावर टिलर)

श्री पंकज भटट पुत्र श्री नारायण दत्त भटट ग्राम–गैरखान,निगलाट पो0–भवाली विकासखण्ड बेतालघाट जो कि इस क्षेत्र के प्रगतिशील उद्यानपति है कृषक के पास कुल लगभग 6 एकड भूमि है जिसमें 4 एकड में उद्यान स्थापित है। तथा शेष भूमि के कृषक द्वारा बे–मौसमी सब्जी,पुष्प का कार्य किया जाता है कृषक द्वारा समस्त औद्यानिक कार्य श्रमिकों के माध्यम से कराया जाता है। जिस पर कृषक को मजदूरी के रूप में अध्यधिक व्यय कराना पड रहा था।

हार्टीकल्चर टैक्नॉलाजी मिशन के अर्न्तगत श्री भट्ट द्वारा एक पावर टिलर बी0एस0टी0शक्ति कय किया गया जिसमें कृषक को रू0 45000/– की राजसहायता दी गई है। श्री भट्ट द्वारा अवगत कराया गया कि पावर टिलर से एक लीटर डीजल से एक घण्टे में लगभग 8–10 नाली भूमि में जुताई एक फिट गहराई तक अत्यन्त सफलता से की जा सकती है। जिससे समय के साथ–2 श्रमिकों की भी बचत हो रही है। 2 है0 भूमि की जुताई पर केवल 380.00(तीन सौ अस्सी)मात्र रू0 का व्यय हुआ जबकि उक्त कार्य श्रमिकों से सम्पादित कराने पर लगभग रू0 8000/– व्यय होता। पावर टिलर से जुताई करने पर जिलान कार्य की भी आवश्यकता नही होती तथा उवड–खावड जमीन भी समतल हो जा रही है। पावर टिलर से 20 कु0 तक उपज का ढुलान भी आसानी से हो रहा है।

उक्त के अतिरिक्त कृषक द्वारा अपने आस–पास के कृषकों के यहॉं मात्र 3 माह में जुताई कार्यकर रू0 3000/– तथा गेहूँ की मडाई कर रू0 3000/– अतिरिक्त आय भी प्राप्त की गई है। कृषक उक्त पावर टिलर प्राप्त होने से कृषक आशान्वित एवं खुश हैं।

उक्त के साथ–2 श्री कुन्दन सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह ग्राम–घंघरेटी द्वारा दिनांक–23.3.05 को बी0एस0टी0 शक्ति पावर टिलर रू0 45000/– राजसहायता हार्टीकल्चर टैक्नॉलाजी मिशन के अर्न्तगत प्राप्त कर कय किया गया जिससे कृषक द्वारा अपनी भूमि में जुताई कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त लाभार्थी द्वारा गेहूँ की मढाई का कार्य किया गया, एक लीटर से 2 कुन्तल गेहूँ की मढाई कार्य हो जा रहा है। कृषक द्वारा 7 दिन मढाई कार्य कर 105 बोरी की मढाई की गई तथा उक्त कार्य हेतु प्रति बोरी रू0 90/– लिया गया,जिससे लाभार्थी को रू0 9450/–की आय हुई जबकि डीजल मोबिल आयॅल व श्रमिक आदि पर लगभग रू0 3000/– व्यय हुआ। इस प्रकार कृषक द्वारा 6500/– की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई।

पहाड़ के खेतों में अब मिनी ट्रैक्टर से होगी जुताई

निज प्रतिनिधि,भवाली

...हाड़ के खेतों-खलिहानों पर भी अब मिनी ट्रैक्टर द्वारा जुताई की ...केगी। उत्तरांचल के पर्वतीय अंचलों में पहला पावर टिकल उद्यान ...जी मिशन के तहत उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा ...स खण्ड बेतालघाट के ग्राम निगलाट के प्रगतिशील पुष्प उत्पादक ...मौसमी सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में विशेष स्थान रखने वाले युवा ..., पंकज भट्ट को पावर टिकल (मिनी ट्रैक्टर) के लिए 45,000 ...पये सहायता प्रदान की गयी है। पर्वतीय क्षेत्र में प्रथम पावर टिकल ...माध्यम से खेती करने जा रहे प्रगतिशील कृषक बताते हैं कि इस ... ट्रैक्टर से एक लीटर डीजल के खर्च पर 8-10 नाली भूमि की ...ई अत्यंत सरलता से की जा सकती है।

जिससे कृषक के लिए समय व धन की काफी बचत होगी। श्री भट्ट ...ताया कि यही कार्य श्रमिकों से कराने पर लगभग 800 रुपये व्यय ...है वहीं अब मिनी ट्रैक्टर के माध्यम से जुताई करने पर काश्तकार ...50 रुपये में हो सकेगी। प्रगतिशील कृषक पंकज भट्ट को मिनी ...र उपलब्ध कराने के अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी डा.एसके ... व प्रभारी उद्यान सचल दल भवाली आरसी जोशी ने बताया कि ... सरकार द्वारा औद्यानिक, पुष्प, सब्जी उत्पादन से जुड़े व अपनी ...ी भूमि वाले काश्तकारों को प्रोत्साहित करने व आय बढ़ाने के लिए ...न तकनीकी मिशन के तहत पावर टिकल खरीदने हेतु 45,000 की ...य सहायता प्रदान की जा रही है। विभागीय अधिकारियों ने जानकारी ... कि मिनी ट्रैक्टर की कीमत 90000 रुपये से लेकर 1 लाख 15 हजार ...पये तक है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत मिनी ट्रैक्टर ...खरीदने वाला कृषक अगर भविष्य में इसे बेचेता है तो उससे विभाग ...सहायता के रूप में दी जाने वाली राशि भी वसूलेगा।

श्रीकुन्दन सिंह ग्राम- घंघरेटी मढाईकार्य करते हुए